हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्र.1225/परीक्षा/सेमे./2021 दुर्ग, दिनांक 07.08.2021

//अधिसूचना//

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटलनगर द्वारा जारी आदेश कमांक एफ 17–1/2021/38–2 नवा रायपुर, दिनांक 21.04.2021 के अनुपालन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की अधिसूचना कमांक 1221/परीक्षा/सेमे./2021 दिनांक 06.08.2021 के माध्यम से सत्र 2020–21 की सेमेस्टर कक्षाओं हेतु कोविड 19 की स्थिति को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष परीक्षाएं ऑनलाईन/ब्लैंडेड पद्धति से दिनांक 23.08.2021 से 30.08.2021 तक आयोजित की जा रही है। जिसकी उत्तरपुस्तिकाओं को महाविद्यालयों में जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथियां घोषित की जाती है:–

1. पीजीडीसीए/डीसीए/पीजी डिप्लोमा इन योगा/एम.लिब.– द्वितीय सेमेस्टर – 30 अगस्त 2021
2. एलएलबी/बी.पी.एड./एम.एस.डब्ल्यू. समस्त सेमेस्टर – 31 अगस्त 2021
3. सम्पूर्ण एम.एससी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर – 03 सितम्बर 2021
4. एम.कॉम. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर – 04 सितम्बर 2021
5. बी.बी.ए. द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम सेमेस्टर – 04 सितम्बर 2021
6. समस्त एम.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर – 04 सितम्बर 2021
7. बी.एड./एम.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर – 06 सितम्बर 2021

चूंकि समस्त महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, अतः उत्तरपुस्तिकाएं समस्त संबंधित महाविद्यालयों में जमा की जावेगी। परीक्षार्थी, उत्तरपुस्तिकाएं उक्त अंतिम तिथि तक जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

1. उत्तरपुस्तिकाएं जमा करते समय परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र की दो प्रति भी ले जानी होगी। महाविद्यालयों को उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की एक प्रति में प्रश्नपत्र के नाम पर टिक (√) कर पावती देनी होगी। जिससे प्रमाणित होगा कि छात्र/छात्रा द्वारा संबंधित विषय/कक्षा के प्रश्नपत्रों की सभी उत्तरपुस्तिकाएं जमा कर पावती दी है।
2. जिन छात्र/छात्राओं ने उत्तरपुस्तिका जमा नहीं की है उसका विवरण महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय भेजे जायेंगे।
3. उत्तरपुस्तिका निर्धारित तिथि तक ही जमा होगी। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत ऐसे परीक्षार्थियों जिन्होंने उत्तरपुस्तिका जमा नहीं की है, को अनुपस्थित मानकर मूल्यांकन कर परीक्षा परिणाम घोषित किये जायेंगे।
4. उत्तरपुस्तिका जमा करने के दौरान परीक्षार्थियों को राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 हेतु जारी SOP का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
5. उत्तरपुस्तिकाएं केवल संबंधित महाविद्यालयों में ही जमा की जावेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा सीधे उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी।
6. **परीक्षार्थियों को उत्तर लिखने हेतु उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।** परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय से संपर्क कर उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त कर सकते हैं।
7. परीक्षार्थी दिनांक 15.08.2021 से www.durguniversity.ac.in अथवा www.durg.ucanapply.com के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र.1226/परीक्षा/सेमे./2021 दुर्ग, दिनांक 07.08.2021

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)